लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **इन्द्रजीत सिंह,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/46/2018 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 23.05.2018

श्री श्यामलाल टेलर पिता श्री रामचन्द्र टेलर निवासी भादसोड़ा

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 19.06.2018

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन कमांक 1333 दिनांक 07.04.2018 को रजिस्टर्ड ए. डी. से प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 46/2018/(19.06)/560 दिनांक 24.05.2018 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर को दिनांक 19.06.2018 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 19.06.2018 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर पत्रांक 1384 दिनांक 19.06.2018 से अपना पक्ष रखा कि उसे सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर ने आदिनांक तक सूचना उपलब्ध नहीं कराई है। अतः वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध

प्रकरण संख्या 46/2018 (सू.अ.)
श्री श्याम लाल टेलर निवासी भादसोड़ा बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर

करावें। सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत नहीं किए।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन क्रमांक 1333 दिनांक 07.04.2018 से उसके द्वारा दिनांक 04.04.2018 को उसकी भूमि के सीमाज्ञान हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध में चार बिन्दुओं पर सूचना/प्रमाणित प्रतिलिपियां चाही गई, जो उसे उपलब्ध नहीं कराना खेदजनक है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर को अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जाते हैं।

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./46/2018(सू.अ.)/ दिनांकः– / /2018

प्रतिलिपिः–

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर
2. श्री श्यामलाल पिता श्री रामचन्द्र टेलर निवासी सदर बाजार, मु. पो. भादसोड़ा, तहसील भदेसर

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)